# दिल्ली विकास प्राधिकरण

## प्रेस निविदा सूचना सं.: 52/एफओ टू सीई (इलेक्ट्रिकल)/2009–10

## निविदा आमंत्रण सूचना

डीडीए की ओर से कार्यकारी अभियंता सीडब्ल्यूजी–1 और 3 द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदाएँ आमंत्रित हैं :

| क्रम सं. | एनआईटी सं. | डिविज़न का नाम और पता | कार्य का नाम | अनुमानित लागत / अग्रिम जमा राशि / निविदा मूल्य / समय सीमा | बिक्री की अंतिम तारीख / निविदा खुलने की तारीख |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 22/ईई (पी)/ एस ई (ईएल) सीडब्ल्यूजी/ 09–10 | ईई/इएल.डी. सीडब्ल्यूजी–1 /डीडीए यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स दिल्ली–95 | राष्ट्रमंडल खेल–2010 के लिए यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में तीरंदाजी के क्वालीफाइंग वैन्यू एवं एक्वैटिक्स, तीरंदाजी, लॉन बॉल्स, रिद्मिक जिम्नास्टिक्स के प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण। उपशीर्षः जन सूचना प्रसार प्रणाली की आपूर्ति, लगाने, परीक्षण, जाँच और चालू करने का काम। | रु.38,02,856/-<br>रु.76,057/-<br>रु.500/- + 4% वैट<br>3 माह | 14-12-2009<br>18-12-2009 |
| 2. | 32/ईई/ ईएल.डी. सीडब्ल्यूजी–3/डीडीए/ 09–10 | ईई/इएल.डी. सीडब्ल्यूजी–3 /डीडीए सीरी फोर्ट, गार्गी कॉलेज, नई दिल्ली के पीछे | सीरी फोर्ट और साकेत स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक्वैटिक्स, बैडमिंटन, स्क्वॉश एवं टेनिस के प्रशिक्षण केंद्रों को नवीनता देने (रीफरबिसिंग) का काम। उपशीर्षः जन सूचना प्रसार प्रणाली की आपूर्ति, लगाने, परीक्षण, जाँच और चालू करने का काम। | रु.28,35,150/-<br>रु.56,703/-<br>रु.500/- + 4% वैट<br>3 माह | 14-12-2009<br>18-12-2009 |

**निविदा दस्तावेज़ प्राप्त करने की योग्यता की पुष्टि करने के लिए आवेदकों को निम्नलिखित दस्तावेज़ जमा करने होंगे :**

1. निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करने वाले ठेकेदार आवेदन कर सकते हैं। संयुक्त उपक्रम स्वीकार्य नहीं हैं।

(क) गत सात सालों में निम्नानुसार कार्यों को पूरा किया हो :

केंद्र सरकार/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम/स्वायत्त संगठन के लिए इसी प्रकार के न्यूनतम तीन कार्य जिनकी लागत प्रस्तावित कार्य की अनुमानित लागत के 40 प्रतिशत से कम न हो या न्यूनतम दो कार्य जिनकी लागत प्रस्तावित कार्य की अनुमानित लागत के 60 प्रतिशत से कम न हो या एक कार्य जिसकी लागत प्रस्तावित कार्य की अनुमानित लागत के 80 प्रतिशत से कम न हो और जिसके लिए कम से कम कार्यकारी अभियंता श्रेणी के अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य है। ''इसी प्रकार के कार्य'' का अर्थ है स्टेडियम/ऑडिटोरियम/सम्मेलन कक्ष/खेल परिसर में जन सूचना प्रणाली के लिए सशक्त ध्वनि व्यवस्था प्रदान करना।

पूरे हो गए कार्य के मूल्य को लागत के वर्तमान स्तर पर लाने के लिए वास्तविक कार्य के मूल्य को 7 प्रतिशत सालाना की सामान्य ब्याज दर से बढ़ा दिया जाएगा जिसका आकलन कार्य पूर्ण होने की तिथि से लेकर निविदा हेतु आवेदन प्राप्त होने की तिथि तक होगी।

(ख) गत तीन वर्षों में निर्माण कार्य से औसतन सालाना 50 प्रतिशत का वित्तीय कारोबार होना चाहिए।

(ग) अनुमानित लागत की 40 प्रतिशत राशि के लिए किसी सरकारी बैंक/अनुसूचित बैंक से प्राप्त सॉल्वेंसी सर्टिफिकेट देना होगा।

2. विभाग को अधिकार है कि संभावित आवेदनों को कोई कारण बताए बिना अस्वीकार कर दे और यदि दिए गए मानदंडों को पूरा करने वाले बहुत–सी निविदाएँ प्राप्त हों तो योग्य ठेकेदारों की सूची को उस संख्या तक सीमित रखे जो उपयुक्त लगता हो।

3. आवेदन के साथ जमा सभी दस्तावेज़ों पर केवल आवेदक का हस्ताक्षर हो और विधिवत् मुहर लगी हो।

4. निविदा दस्तावेज़ कार्यकारी अभियंता (ई) इलैक्ट्रिकल डिविज़न सीडब्ल्यूजी–1 व 3/डीडीए, दिल्ली से किसी कार्य दिवस में निविदा दस्तावेज़ बिक्री की अंतिम तिथि तक दिन के प्रातः 11 बजे से सायं 3 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं। इसके लिए निविदा दस्तावेज़ मूल्य (जैसा कि उल्लिखित है) के साथ–साथ 4 प्रतिशत वैट का भुगतान करना होगा (जो वापस नहीं होगा) और फॉर्म–XI में वैध डब्ल्यूसीटीसी भी प्रस्तुत करना होगा ।

5. अतिरिक्त नियमों एवं शर्तों के तहत दिए गए फॉर्म में अग्रिम जमा राशि का भुगतान करना होगा। अग्रिम जमा राशि का नकद/रसीद/ट्रेज़री चालान/किसी अनुसूचित बैंक के डिपॉजिट कॉल रसीद/किसी अनुसूचित बैंक के फिक्स्ड डिपॉजिट रसीद/लेखा अधिकारी, सीएयू (सीडब्लूयजी) डीडीए के पक्ष में देय किसी अनुसूचित बैंक के बैंक ड्राफ्ट के रूप में भुगतान करना होगा।

6. निविदाओं को तीन लिफाफों में जमा करना होगा जिसका विवरण नीचे दिया गया है :

**लिफाफा I** : इसमें योग्यता मानदंडों से संबंधित दस्तावेज़ होंगे।
**लिफाफा II**: इसमें तकनीकी निविदा होगी।
**लिफाफा III** : इसमें मूल्य निविदा होगी।
**लिफाफा I** को निविदा खुलने की तिथि में सायं 3.30 बजे विकास मीनार, आई.पी. एस्टेट, नई दिल्ली में उपस्थित रहने के इच्छुक निविदाकर्ताओं या उनके प्रतिनिधियों के सामने खोला जाएगा।

**लिफाफा II एवं III केवल योग्य पाए गए एजेंसियों के खोले जाएँगे जिसकी अलग से सूचना संबंधित कार्यकारी अभियंता द्वारा निविदाकर्ताओं को दे दी जाएगी।**

कृपया दि.वि.प्रा. की वेबसाइट dda.org.in का अवलोकन करें अथवा 39898911 पर फोन करें।